# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 24.07.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए रांची से सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने का किया आग्रह, सिल्ली, मुरी, हजारीबाग के लिए शटल ट्रेन सेवा की रखी मांग।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में शहीद जवानों के परिजनों को नौकरी, दिव्यांग छात्रों के लिए शिक्षक नियुक्ति सहित 21 प्रस्तावों को मिली मंजूरी।**
3. **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने साहिबगंज में की बड़ी कार्रवाई, जनमन आवास योजना की राशि जारी करने के बदले पंचायत सचिव को रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार।**
4. **कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, कहा– 1932 खतियान आधारित नीति है राज्य की अस्मिता का प्रतीक।**

**और**

5. **मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में 28 जुलाई तक भारी बारिश का जारी किया अलर्ट, रांची समेत कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति की जारी की चेतावनी।**

**अब समाचार विस्तार से**

******************

रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर रांची से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने अहमदाबाद, जयपुर, ऋषिकेश और हरिद्वार के लिए नई ट्रेनों के परिचालन की मांग रखी, साथ ही रांची से सिल्ली, मुरी और हजारीबाग के लिए पैसेंजर और शटल ट्रेनें चलाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने हटिया–एर्नाकुलम धरती आबा एक्सप्रेस की साप्ताहिक सेवा को सप्ताह में कम से कम तीन दिन करने और टाटा–अहमदाबाद एक्सप्रेस का विस्तार रांची तक करने का भी आग्रह किया।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में झारखंड के प्राथमिक विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिक्षा सहायक आचार्य की नियुक्ति हेतु नियमावली–2025, अटल मोहल्ला क्लीनिक योजना का नाम बदलकर "मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लीनिक" करने सहित कुल 21 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने जानकारी दी कि राज्य के केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के शहीद जवानों के आश्रितों को विशेष अनुग्रह अनुदान और सरकारी नौकरी में नियुक्ति की भी स्वीकृति दी गई।

******************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, दुमका की टीम ने आज साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड के बरमसिया पंचायत के सचिव संतोष कुमार को 3500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एक लाभुक ने जनमन आवास योजना के तहत स्वीकृत राशि को जारी करने के लिए सचिव द्वारा घूस मांगने की शिकायत की थी। सत्यापन के बाद आरोपी ने पहली किस्त के रूप में 3500 रुपये मांगे, जिसके बाद टीम ने छापेमारी कर उसे पकड़ा।

******************

जामताड़ा के कृषि विज्ञान केंद्र में 17वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर निदेशक राकेश कुमार ने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है।

******************

दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत के. एन. सिंह को रांची रेल मंडल का नया मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) नियुक्त किया गया है।

******************

राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची में डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी और 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति आंदोलन को राज्य की अस्मिता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि संतोष कुंकल, विनय तिग्गा और कैलाश कुजूर की शहादत राज्य के अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। उन्होंने शहीद युवाओं को शहीद का दर्जा देने और परिजनों को सरकारी सुविधाएं देने की मांग मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया।

******************

देश भर में आज आयकर दिवस मनाया जा रहा है। यह भारत के वित्तीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। एक रिपोर्ट–

******************

हजारीबाग के बरही प्रखंड के जरहिया गांव में महिला उत्पीड़न की अमानवीय घटना के बाद प्रशासन की टीम ने गांव पहुंचकर पीड़िता से मुलाकात की और उसे हर संभव सहायता का भरोसा दिया। मौके पर बरही के प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज के लिए कलंक हैं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

******************

लातेहार जिले में पर्यटन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

मौसम विभाग ने 28 जुलाई तक राज्य के कई जिलों में भारी से अत्यंत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। उत्तर बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण राजधानी रांची समेत कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विभाग ने इस दौरान नदियों से दूर रहने, सतर्क रहने और मौसम से संबंधित निर्देश के पालन करने की अपील की है।

***************